बोर्गवार्नर ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 में किया अत्याधुनिक ई-मोबिलिटी सॉल्यूशंस का प्रदर्शन

- इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों तथा बसों के लिए तैयार की गई हाई-एनर्जी एलएफपी बैटरी सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा
- इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड पावरट्रेन के लिए अत्याधुनिक ई-मोटर्स, इनवर्टर और थर्मल मैनेजमेंट में इनोवेशन का प्रदर्शन भी किया जाएगा
- बोर्गवार्नर ने भारत के सस्टेनेबल मोबिलिटी की ओर बढ़ते कदम में सहयोग देने के अपने संकल्प को और मजबूत किया

नई दिल्ली, भारत*, 10* जनवरी*, 2025*– नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 में बोर्गवार्नर की ओर से अपनी नवीनतम टेक्नोलॉजी की एक बड़ी रेंज का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसे भारतीय बाज़ार में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की गति को और बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई दिल्ली के द्वारका में स्थित यशोभूमि में कंपोनेंट्स शो के हॉल H2 में बूथ M5 पर बोर्गवार्नर इलेक्ट्रीफाइड ड्राइवट्रेन सॉल्यूशंस में अपनी नवीनतम प्रगति को प्रस्तुत करेगा।

इस मौके पर बोर्गवार्नर इंकॉर्प के वाइस-प्रेसिडेंट, तथा पावरड्राइव सिस्टम के प्रेसिडेंट एवं जनरल मैनेजर, डॉ. स्टीफन डेमरले ने कहा, "भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में हमारी भागीदारी एक बड़ा अवसर है, जहाँ हम अपनी सबसे बेहतर ई-मोबिलिटी टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित करने वाले हैं। अपनी हाई-एनर्जी एलएफपी बैटरियों और अत्याधुनिक पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा थर्मल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस के साथ, हम आवागमन के अधिक स्वच्छ एवं कुशल समाधानों की ओर भारत के तेजी से बढ़ते कदम में अपना सहयोग देने के संकल्प पर कायम हैं। पूरी दुनिया में हमारी विशेषज्ञता और स्थानीय स्तर पर मौजूदगी हमें इस बदलाव का एक प्रमुख भागीदार बनने में सक्षम बनाती है।"

बोर्गवार्नर के एलएफपी बैटरी सिस्टम्स को फिनड्रीम्स बैटरी की अत्याधुनिक ब्लेड सेल टेक्नोलॉजी पर आधारित एक मजबूत एवं मॉड्यूलर आर्किटेक्चर के साथ डिज़ाइन किया गया है, जो अधिकतम ऊर्जा घनत्व और बेहतर अनुकूलन क्षमता प्रदान करते हैं। इन्हें अलग-अलग आकारों में पेश किया गया है, जो बसों और ट्रकों जैसे इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के साथ-साथ सभी प्रकार की ऑफ-रोड गतिविधियों में उपयोग के लिए सबसे बेहतर हैं। ये बैटरियाँ बिल्कुल नई एवं खुद से विकसित की गई तथा भविष्य में उपयोग के लिए सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म से लैस हैं, जो वाहनों की रेंज बढ़ाने, उन्हें अधिक भरोसेमंद बनाने और सुरक्षा प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। बोर्गवार्नर अपने इंटीग्रेटेड ड्राइव मॉड्यूल, ई-मोटर्स, हाई-वोल्टेज कूलेंट हीटर, नेक्स्ट जेनरेशन इनवर्टर और अत्याधुनिक टर्बोचार्जिंग सॉल्यूशंस को भी पेश करेगा, जो दर्शाता है कि इलेक्ट्रिफिकेशन, हाइब्रिड और एडवांस्ड कम्बस्चन से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने वाले समाधानों का इसका पोर्टफोलियो काफी बड़ा है।